दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# वॉकओवर का खेल

वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ प्रियंका गांधी को न उतारने के कांग्रेस के फैसले से एक बड़े तबके को निराशा हुई है। पिछले दिनों कांग्रेस के भीतर से ही यह चर्चा उठी थी कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक मजबूत उम्मीदवार के रूप में पार्टी प्रियंका गांधी को आगे ला सकती है।

इस पेशकश से देश के उस वर्ग में उत्साह पैदा हुआ था जो इस लोकसभा चुनाव को एक वैचारिक लड़ाई के रूप में देख रहा है और मान रहा है कि सर्वसमावेशी चरित्र वाली कांग्रेस ही बीजेपी की हिंदुत्ववादी राजनीति को चुनौती दे सकती है। चूंकि मोदी बीजेपी का प्रतिनिधि चेहरा हैं तो उनके बरक्स विपक्ष के भी किसी शीर्ष नेता को ही उतारा जाना चाहिए, ताकि वैचारिक संघर्ष को एक धार मिल सके।

जब दोनों खेमों के बड़े नेता एक-दूसरे के सामने खड़े होंगे तो दो भिन्न सिद्धांत बेहतर ढंग से सामने आएंगे। इससे पूरे देश की जनता के सामने परिदृश्य साफ होगा और मतदान को लेकर एक मजबूत फैसले तक पहुंचने में उसे सहूलियत होगी। लेकिन पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने नई जमीन तोड़ने के बजाय लीक पर चलना ही पसंद किया।

भारत की संसदीय राजनीति में ताकतवर नेता के खिलाफ विरोधियों की ओर से कमजोर उम्मीदवार देने का चलन सा बना हुआ है। हर पार्टी इस अघोषित नियम का पालन करती है, शायद इसलिए कि अपनी सीटें खोने का जोखिम वह नहीं लेना चाहती। हालांकि इसे सिद्धांत का आवरण दिया जाता है। उनकी ओर से दलील दी जाती है कि असली लड़ाई तो संसद में होनी है, इसलिए वे चाहते हैं कि हर पार्टी के कद्दावर नेता सदन में पहुंचें।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक अपने निर्णय के लिए राहुल ने नेहरूवादी परंपरा का हवाला दिया। उनका तर्क था कि नेहरू अपने विरोधियों जैसे राममनोहर लोहिया और श्यामा प्रसाद मुखर्जी का काफी सम्मान करते थे और चाहते थे कि वे संसद में रहें। तो क्या माना जाए कि राहुल भी मोदी के सम्मान के लिए उन्हें संसद में भेजना चाहते हैं? उधर बीजेपी भी राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ अपने जूनियर नेताओं को ही उतारती रही है।

क्या बीजेपी भी इन दोनों के लिए संसद का रास्ता सुगम बनाना चाहती है? अगर ऐसा है तो बहुत अच्छा है, लेकिन फिर चुनाव प्रचार में एक-दूसरे के खिलाफ इतनी कटुता और विषवमन क्यों? इस दोहरेपन से लोगों के मन में संदेह पैदा होता है कि राजनेता ऊपर से भले ही अलग-अलग विचारों के साथ खड़े दिखते हैं पर अंदर से वे आपस में मिले हुए हैं।


इनका सारा जोर अपने-अपने हित साधने पर है, जनता के हितों की इन्हें कोई परवाह नहीं है। इस संदेह की गुंजाइश लोकतंत्र में नहीं होनी चाहिए। पार्टियां अगर अपने विचारों को लेकर ईमानदार हैं और जनता के प्रति अपनी जवाबदेही मानती हैं तो मजबूत विरोधियों के खिलाफ अपने मजबूत नेता उतारें।

# केनरा बैंक और केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ने लॉन्च किया वेबअश्योरेंस

नईदिल्ली (आरएनएस)। केनरा बैंक और उसके जीवन बीमा साझेदार केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस ने बैंक ग्राहकों को बैंक की वेबसाइट के माध्यम से आसानी से जीवन बीमा खरीदने में सक्षम बनाने के लिए वेबअश्योरेंस शुरू करने की घोषणा की है। पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस प्रक्रिया के माध्यम से अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए ग्राहकों को एक ही स्थान पर, सुविधाजनक ऑनलाइन समाधान प्रदान करने की दिशा में वेबअश्योरेंस एक महत्वपूर्ण कदम है।

केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस के चार जीवन बीमा उत्पादों को केनरा बैंक के ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाएगा। ये ऐसे प्रोडक्ट हैं, जो कि ग्राहकों के बच्चों के भविष्य, बचत और निवेश, सेवानिवृत्ति योजना और सुरक्षा संबंधी प्रमुख जरूरतों को पूरा करेंगे। इस नई पहल की घोषणा करते हुए केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरए शंकरनारायणन ने कहा, हमें विश्वास है कि वेबअश्योरेंस के साथ, हम बैंक के युवा और नेट-प्रेमी ग्राहकों की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे।

केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुज माथुर ने कहा, यह पहल बैंक और कंपनी की डिजिटल क्षमताओं को एक साथ एकीकृत करती है ताकि बैंक ग्राहकों को उनकी बीमा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक सुविधाजनक और परेशानी मुक्त विकल्प प्रदान किया जा सके। हमें विश्वास है कि यह पहल कैनरा बैंक के विशाल ग्राहक आधार तक हमारी पहुंच को बढ़ाने में सहायक साबित होगी और यह सुनिश्चित करेगी कि हम केनरा बैंक परिवार के सभी ग्राहकों के लिए प्रासंगिक समाधानों के साथ पहुंचें।



## हर महीने 15 लाख ऑर्डर की डिलीवरी करती है स्विगी

नईदिल्ली (आरएनएस)। घरेलू ऑनलाइन फूड ऑर्डर एंड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने शनिवार को कहा कि हर महीने वह 15 लाख ऑर्डर लेकर डिलीवरी करती है। कंपनी ने बताया कि 120 से अधिक शहरों में उसके 17 लाख से अधिक डिलीवरी पार्टनर हैं।

स्विगी के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) टी. एस. श्रीवत्स ने कहा, कुछ साल पहले हमने माहौल के अनुकूल डिलीवरी करने के प्रयास शुरू किए। हर दिन में करीब 10,000 साइकिल डिलीवरी पार्टनर के साथ हमने पाया कि साइकिल से डिलीवरी में बाइक के मुकाबले कम समय लगता है।

## गिरावट पर लिवाली से सोने में मजबूती, चांदी भी चमकी



नईदिल्ली (आरएनएस)। गिरावट पर लिवाली बढ़ने से इस सप्ताह के आखिरी तीन सत्रों में सोने के भाव में मजबूती बनी रही। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने के दाम में पिछले सप्ताह के मुकाबले एक फीसदी की तेजी रही और चांदी की भी चमक बढ़ गई। मजबूत विदेशी संकेतों से घरेलू वायदा व हाजिर बाजार में सोने और चांदी में तेजी बनी रही। भारत में शादी का सीजन शुरू होने से हाजिर मांग बनी हुई है और यह आगे भी जारी रह सकती है। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस सप्ताह भूराजनीतिक तनाव से महंगी धातुओं के प्रति निवेशकों का रुझान देखा गया।

भारतीय वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का जून एक्सपायरी अनुबंध पिछले सप्ताह जहां 31,463 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था, वहीं इस सप्ताह के आखिरी सत्र में 31,938 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इस प्रकार 475 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़त रही। एमसीएक्स पर चांदी का मई एक्सपायरी अनुबंध 88 बीते सत्र के मुकाबले रुपये की बढ़त के साथ 37,545 रुपये प्रति किलो पर बंद हुआ, जबकि पिछले सप्ताह 37,230 रुपये प्रति किलो पर बंद हुआ था।

हाजिर बाजार में भी सोने और चांदी के भाव में मजबूती बनी रही। बाजार सूत्रों के अनुसार, देश की प्रमुख सर्राफा बाजार अहमदाबाद में 24 कैरट सोने का इस समय 32,900 रुपये प्रति 10 ग्राम है और चांदी का भाव 38,620 रुपये प्रति किलो है।

## डेटा संग्रह की भारत की मांग जोखिमपूर्ण : जुकरबर्ग



नईदिल्ली (आरएनएस)। फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा है कि डेटा को स्थानीय स्तर पर संग्रहित करने की भारत की मांग समझी जा सकती है, लेकिन यदि एक देश के लिए ऐसा किया गया तो अधिनायकवादी देशों की ओर से भी इसकी मांग की जा सकती है। उनका कहना है कि ऐसे देश अपने नागरिकों के डेटा का दुरुपयोग कर सकते हैं।

इतिहासकार व लेखक युवल नोआ हरारी से शुक्रवार को बातचीत में जुकरबर्ग ने कहा कि स्थानीय रूप से डेटा संग्रह के पीछे का जो मकसद व इरादा है, वह अत्यंत महत्वपूर्ण है। जुकरबर्ग ने एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे लगता है कि मंशा महत्व रखती है और निस्संदेह हममें से कोई भी भारत को अधिनायकवादी देश नहीं मानता है।

उनसे पूछा गया था कि क्यों भारतीय नागरिकों का डेटा अमेरिका में संग्रहित करना सुरक्षित है और भारत में नहीं, जबकि वे खुलेआम कह रहे हैं कि उन्हें सिर्फ अपनी चिंता है।

## चाहर ने आस्ट्रेलिया के शेन वार्न को बताया अपना आदर्श

चेन्नई (आरएनएस)। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ हुए आईपीएल क्रिकेट मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर राहुल चाहर ने आस्ट्रेलिया के दिग्गज शेन वार्न को अपना आदर्श बताया है। चाहर ने शुक्रवार को चेन्नई के खिलाफ चार ओवरों में 21 रन दिए। हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। उन्होंने मुंबई के लिए आठ मैचों में अबतक 10 विकेट लिए हैं। चाहर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, शेन वार्न मेरे आदर्श हैं। जब मैं आठ साल का था, तब मेरे कोच वॉर्न की डीवीडी लाते थे और मुझे दिखाते थे।

## विश्व कप के लिए चुने जाने से हैरान नहीं हुआ : रसेल



कोलकाता (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे आंद्रे रसेल ने शनिवार को कहा है कि वह विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज टीम में चुने जाने से हैरान नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि वह अपने देश की टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने और लंबे छक्के मारने के लिए बेसब्र हैं। इंग्लैंड एंड वेल्स में 30 मई से विश्व कप की शुरुआत हो रही है। रसेल ने कहा, मैं विश्व कप टीम का हिस्सा बनने से हैरान नहीं हूं। मैं अच्छा कर रहा हूं। मुझे मेरे प्रशिक्षकों, चयनकर्ताओं का भरोसा हासिल है। मैं वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करने और छक्के जड़ने को लेकर काफी बेसब्र हूं। मैं यहां (आईपीएल) में जो कर रहा हूं वही वेस्टइंडीज के लिए करना चाहता हूं और शतक लगाना चाहता हूं।

रसेल ने अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी वनडे जुलाई 2018 में खेला था।

## आज का राशिफल

मेषः- राशि स्वामी मंगल वृष राशि पर आ चुका है। चंद्रमा आज एकादश भाव में होने से गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है।

वृषभः- राशि का स्वामी शु एकादश भाव में बुध के साथ अष्टम आयु चिंता भाव में होने से जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनैतिक सहयोग मिलेगा।

मिथुनः- आज राशि से अष्टम भाव में चंद्रमा मन संतोष का देने वाला है। षष्ठम भाव में गुरु से व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

कर्कः- आज राशि स्वामी चंद्र सप्तम भाव में कोष वृद्धि का संकेत है। दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

सिंहः- षष्ठम भाव का चंद्रमा और द्वादश घर में कर्क राशि का राहु आज प्रभाव प्रताप को बढ़ाने वाला है, रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी।

कन्याः- पंचम भाव में चंद्रमा शुभ व्यय, कीर्ति की वृद्धिकारक है। व्यवसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है।

तुलाः- राशि स्वामी शु गुरु के घर का होकर षष्ठम भाव में और चतुर्थ घर में चंद्रमा के प्रभाव से राजनैतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे।

वृश्चिकः- राशि स्वामी भोम के वृष राशि पर होने और तृतीय परा म भाव में चंद्रमा होने से पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा।


धनुः- देवगुरु वृश्चिक राशि पर और चंद्रमा तृतीय त्रिकोण स्थान में चल रहे हैं अतः- आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी।

मकरः- आपकी राशि से षष्ठम राहु और राशि का स्वामी शनि के बारहवें घर में होने के कारण व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा।

कुंभः- आज द्वादश व्यय भाव में मकर राशि का चंद्रमा होने के फलस्वरूप बेरोजगार व्यक्ति यों को रोजगार मिलने की संभावना है।

मीनः- राशि स्वामी बृहस्पति नवम भाग्य भाव में राज्य मान-प्रतिष्ठा वृद्धि कारक है। रोजगार के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनैतिक सहयोग मिलेगा।

## पाकिस्तान अंडर-19 टीम का श्रीलंका दौरा रद्द



कोलंबो (आरएनएस)। श्रीलंका में गत सप्ताह हुये सिलसिलेवार बम विस्फोट के मद्देनज़र 30 अप्रैल से होने वाले पाकिस्तान अंडर-19 क्रिकेट टीम के दौरे को रद्द कर दिया गया है। इन हमलों में 250 से अधिक लोगों की मौत हुयी थी। पाकिस्तान टीम को 30 अप्रैल को कोलंबो के लिये रवाना होना था जबकि दोनों टीमों के बीच गाले में तीन मई को पहला मैच निर्धारित था। हालांकि गत सप्ताह हुये आतंकवादी हमलों के कारण दौरे को रद्द करने का फैसला किया गया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) हालांकि स्थिति पर नज़र बनाये हुये है और दौरे को भविष्य में कराने की संभावना पर काम कर रहा है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अधिकारी ने दौरा रद्द होने की पुष्टि करते हुये कहा, हमने पाकिस्तान अंडर-19 टीम के साथ सीरीज़ को अनिश्चितकाल तक के लिये रद्द कर दिया है। यह निर्णय एसएलसी ने लिया है क्योंकि वह मौजूदा स्थिति को देखते हुये कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता है।

पाकिस्तान अंडर-19 टीम को गाले और हंबनतोता में श्रीलंकाई टीम के साथ दौरे में दो चार दिवसीय मैच और तीन एकदिवसीय मैच खेलने थे।

## कंपनियों के तिमाही परिणाम और आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल



मुम्बई (आरएनएस)। बीते सप्ताह भारी उथलपुथल के बाद गिरावट में बंद होने वाले घरेलू शेयर बाजार की दिशा अगले सप्ताह जारी होने वाले कंपनियों के तिमाही परिणाम, वाहन बिक्री के आंकड़ों, आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुख, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव से तय होगी। निवेशकों की नजर साथ ही चुनावी हलचल पर भी रहेगी।

आलोच्य सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 72.95 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 39,067.33 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी दो अंक की मामूली तेजी के साथ 11,754.65 अंक पर बंद हुआ। छोटी और मंझोली कंपनियों को बीते सप्ताह अच्छा-खासा नुकसान उठाना पड़ा। बिकवाली के दबाव में बीएसई का मिडकैप 318.58 अंक यानी 2.07 प्रतिशत की गिरावट में 15,063.99 अंक पर और स्मॉलकैप 207.82 अंक यानी 1.38 प्रतिशत की गिरावट में 14,813.38 अंक पर बंद हुआ।

अगले सप्ताह मंगलवार को मार्च का औद्योगिक उत्पादन का आंकड़ा और वित्तीय घाटे का आंकड़ा जारी होना है। इसके साथ ही गुरवार को विनिर्माण क्षेत्र के आंकड़े भी जारी होंगे, जो निवेश धारणा को तय करेंगेइसके अलावा कंपनियां गत वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी करेंगी जिसका असर शेयर बाजार पर रहेगा।

## मैंगो आइसक्रीम बनाने की विधि...



गर्मी का मौसम आते ही बच्चे आइसक्रीम को याद करने लग जाते हैं। गर्मियों के मौसम में सभी लोगों को ठंडी आइसक्रीम खाना बहुत पसंद होता है। वैसे तो आपने बहुत सी आइसक्रीम खाये होंगे। लेकिन आपने मैंगो आइसक्रीम का मजा नहीं लिया होगा। आज आपके लिए लेकर आये बहुत ही जल्द और आसानी से तैयार होने वाली बच्चों की फेवरेट आम की एकदम सॉफ्ट आइसक्रीम। आइये जानते हैं मैंगो आइसक्रीम रेसिपी।

### सामग्री

आम- 1 किलोग्राम, फैश क्रीम- 250 ग्राम, चीनी- 100 ग्राम, वेनीला एसेंस- 1 टीस्पून

### विधि-

सबसे पहले पके हुए आम को छीलकर उसके अंदर का पल्प निकाल लीजिये। अब इसे मिक्सी में डालकर स्मूथ पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को एक कटोरी में निकाल कर इसमें चीनी और वनीला एसेंस डालकर अच्छे से मिक्स करें। अब क्रीम को मिक्सी में डालकर ब्लेंड करें। अब इसमें आम का पेस्ट डालकर 2 से 3 मिनट ब्लेंड करें। अब इस पेस्ट को आइसक्रीम कटेनर में डालकर 7 से 8 घंटे तक फ्रिज में रखें। अब इसे सर्विंग डिश में निकालकर ड्राई फ्रूट्स के साथ गार्निश करेंलीजिए आपकी मैंगो आइसक्रीम तैयार है। इसे सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-48

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौ | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू-दोकू-48

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |